an>

title: Regarding providing government assistance to the scientific equipments and defence production units of Ambala.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदया, मैं मान्यवर विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जी का ध्यान अम्बाला के विज्ञान उद्योग की ओर दिलाना चाहता हूं। अम्बाला विज्ञान उपकरण व रक्षा उत्पादों को बनाने के लिए विश्व विख्यात है। माइक्रोस्कोप, गिलासवेयर, व अन्य उपकरण यहां बनाये जाते हैं। अग्नि-5 में भी अम्बाला विज्ञान उद्योग के एक कारोबारी ने कुछ पुर्जे बनाये हैं। यहां पर 3 हजार के लगभग इकाइयां काम कर रही हैं, जिनकी सालाना टर्नओवर 1500 करोड़ रुपये के लगभग है। चीन द्वारा भारत के अधिकतर इलैक्ट्रानिक्स व्यापार पर कब्ज़ा करने के बाद चीन ने अम्बाला के विश्व विख्यात 45 प्रतिशत विज्ञान उद्योग पर कब्ज़ा कर लिया है। अगर अम्बाला के इस साइंस उद्योग को संरक्षण प्राप्त न कराया गया, तो चीन इस सारे उद्योग पर कब्ज़ा कर लेगा। इस उद्योग के लिए आज सरकार द्वारा अम्बाला के विज्ञान उद्योग से जुड़े उद्यमियों की मार्केटिंग एवं मैनुफैक्चरिंग का एक मजबूत तरीका उन्नत करने की आवश्यकता है। यहां पर एक बड़ा कॉमन फैसिलिटी सैंटर बनाये जाने की भी आवश्यकता है। यहां पर पहले टूल रूम और एक डीडीसी की स्थापना की गयी थी, जिससे काफी मदद मिलती थी, लेकिन आज उसे बंद कर दिया गया है। मैं मांग करता हूं कि इसे दोबारा शुरू किया जाये।

माननीय अध्यक्ष : *m02 श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।